**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 477**

**24 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**

**इस्पात का उत्पादन, घरेलू खपत एवं निर्यात**

**477. श्री दीपक प्रकाश:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत एवं निर्यात के लिए निर्धारित और प्राप्त किए गए लक्ष्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस संबंध में आगामी तीन वर्षों के लिए संशोधित लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा आगामी वर्षों में इस्पात के उत्पादन एवं निर्यात में वृद्धि करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इसलिए, इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात के लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किए जाते हैं। इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात उत्पादकों द्वारा बाजार की मांग और अन्य वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि, विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्पादन, खपत और निर्यात का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(आंकड़े मिलियन टन में)

| **क्रूड इस्पात** | | **तैयार इस्पात** | |
|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **उत्पादन** | **निर्यात** | **वास्तविक खपत** |
| 2020-21 | 103.54 | 10.78 | 94.89 |
| 2021-22 | 120.29 | 13.49 | 105.75 |
| 2022-23 | 127.20 | 6.72 | 119.89 |
| अप्रैल-जून 2023-24* | 33.63 | 2.05 | 30.29 |
| (स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति) *अनंतिम | | | |

(ग): इस्पात के उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- घरेलू उपयोग के लिए देश में ही विशेष इस्पात के विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा पूंजीगत निवेशों को आकर्षित कर आयात को कम करने के लिए 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अधिसूचित करना।
- इस्पात उत्पादकों को नीतिगत सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए वर्ष 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति को अधिसूचित करना।
- सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं द्वारा मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति को अधिसूचित करना।
- घरेलू रूप से उत्पन्न स्क्रैप की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति को अधिसूचित करना।

****